


# अजेय बढ़त के लिए उतरेगी टीम इंडिया

## आज न्यूज़ीलैंड के लिए करो या मरो की स्थिति, बारसापारा की पिच पर रन और स्पिन की परीक्षा



**गुवाहाटी, 24 जनवरी** भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच जारी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ अब निर्णायक मोड़ पर आ चुकी है। भारतीय टीम पहले दो मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त बना चुकी है और अब तीसरे टी20I में जीत के साथ सीरीज़ पर मुहर लगाने के इरादे से गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में उतरेगी। रविवार, 25 जनवरी को होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अलग-अलग मायने रखता है—भारत के लिए दबदबा कायम रखने का अवसर, जबकि न्यूज़ीलैंड के लिए अस्तित्व बचाने की लड़ाई।

रायपुर में खेले गए दूसरे टी20 ने सीरीज़ की दिशा लगभग तय कर दी। 208 रनों का विशाल लक्ष्य भारत ने जिस आक्रामकता के साथ महज़ 15.2 ओवर में हासिल किया, उसने कीवी रणनीतियों की परतें खोल दीं।

> गुवाहाटी में पहली बार दोनों टीमें टी20I में आमने-सामने होंगी, जिससे रोमांच और बढ़ गया है। दर्शकों को हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद होगी, लेकिन रणनीति और धैर्य ही परिणाम तय करेंगे। अब निगाहें इस बात पर हैं कि क्या भारत अपने घरेलू मैदान पर सीरीज अपने नाम कर दबदबा कायम रखेगा, या न्यूज़ीलैंड वापसी की पटकथा लिखकर सीरीज को रोमांचक मोड़ देगा। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मुकाबला रणनीति, कौशल और दबाव की असली परीक्षा साबित होने वाला है।

यह सिर्फ एक जीत नहीं थी, बल्कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के बीच भारतीय टीम की गहराई, संतुलन और आत्मविश्वास का सार्वजनिक प्रदर्शन था। न्यूज़ीलैंड की पारी की शुरुआत लड़खड़ाती रही। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने से दबाव बना, लेकिन रचिन रवींद्र ने आक्रामक अंदाज़ में 44 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की। भारतीय गेंदबाज़ों ने हालांकि उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव की स्पिन ने मैच का रुख मोड़ दिया। उन्होंने दो अहम विकेट लेकर रनगति पर ब्रेक लगाया। हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने भी एक-एक सफलता हासिल की। अंतिम ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर की नाबाद 47 रनों की पारी ने न्यूज़ीलैंड को 208/6 तक पहुंचाया—एक प्रतिस्पर्धी, लेकिन सुरक्षित नहीं, स्कोर। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। ईशान किशन ने 76 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर गेंदबाज़ों पर दबाव पलट दिया। उनकी टाइमिंग, पावर और शॉट चयन ने कीवी आक्रमण की लय बिगाड़ दी।



# भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

## अंडर-19 विश्व कप में कीवियों को 7 विकेट से किया पराजित

- ग्रुप-बी में 6 अंक के साथ भारत टॉप पर
- शुरुआती ओवरों में कीवी बल्लेबाजी ध्वस्त

**बुलावायो, 24 जनवरी.** आईसीसी मेन्स अंडर-19 विश्व कप 2026 में शनिवार को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से पटखनी दी. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में हुआ. मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए डीएलएस नियम के तहत 37 ओवरों में 130 रनों का टारगेट मिला था. बारिश के चलते मैच को 37-37 ओवरों का कर दिया गया था. जिसे भारत ने 14वें ओवर में ही चेज कर लिया.

विश्व कप के पहले मैच में भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका को डीएलएस नियम के तहत 6 विकेट से हराया था. फिर उसने बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत 18 रनों से जीत हासिल की थी. अब भारत ने न्यूजीलैंड को पटखनी दी है. यानी विश्व कप में भारत का अजेय सफर जारी है. अंक तालिका में भी भारतीय टीम ग्रुप बी में 6 अंकों के साथ टॉप पर है. 130 रनों के जवाब में उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही. वैभव सूर्यवंशी और एरॉन जॉर्ज ने पारी का आगाज किया लेकिन दूसरे ही ओवर में एरॉन अपना विकेट गंवा बैठे. लेकिन इसके बाद आयुष ने वैभव के साथ मिलकर पारी को संभाला. दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई. दूसरा झटका भारत को 87 के स्कोर पर लगा जब वैभव आउट हुए. वैभव ने 23 गेंद में 40 रन बनाए. अपनी पारी में सूर्यवंशी ने 3 छक्के और 2 चौके लगाए. वहीं, आयुष ने फिफ्टी जड़ी. 27 गेंदों में 53 रन बनाकर वो आउट हुए. आयुष ने 6 छक्के लगाए. 101 के स्कोर पर उनका विकेट गिरा. इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत ने पारी को संभाला. दोनों ने भारत को जीत दिलाई. न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 36.2 ओवरों में 135 रन बनाए. न्यूजीलैंड की शुरुआत काफी खराब रही और उसने 9 रनों के स्कोर तक ह्यूगो बोग (4 रन) और कप्तान टॉम जोन्स (2 रन) के विकेट गंवा दिए थे. दोनों ही बल्लेबाजों को आरएस अम्बरीश ने चलता किया. इसके बाद हेनिल पटेल ने आर्यन मान (5 रन) को आउट करके भारतीय टीम को तीसरी सफलता भी दिला दी.

## मोखलेसुर पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू

**ढाका, 24 जनवरी** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ये आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं। उनके पास पहले से ही बोर्ड द्वारा बनाई गई एक इंडिपेंडेंट कमेटी की 900 पन्नों की रिपोर्ट है, जिसमें पिछले बीपीएल सीजन में भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में बताया गया है। रहमान छह अक्टूबर को हुए चुनावों से बीसीबी के निदेशक बने थे। चापैनवाबगंज जिले से बोर्ड काउंसलर (सदस्य) हैं। हालांकि, आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रहमान इस महीने मुश्किल में पड़ने वाले दूसरे बीसीबी के निदेशक हैं। रहमान के खिलाफ जांच ऐसे समय में हो रही है जब बंगलादेश 2026 टी-20 विश्व कप में अपनी जगह को लेकरअंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ विवाद में है

# वावरिंका हुए उलटफेर के शिकार

**ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस** शारीरिक समस्या के कारण ओसाका ने नाम वापस लिया





**मेलबर्न, 24 जनवरी** मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के तीसरे दौर ने भावनाओं और अप्रत्याशित मोड़ों से भरा दिन देखा। एक ओर स्विट्ज़रलैंड के दिग्गज स्टैन वावरिंका अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन में संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद बाहर हो गए, तो दूसरी ओर चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने शारीरिक समस्या के कारण नाम वापस ले लिया, जिससे ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस को सीधे राउंड ऑफ 16 में जगह मिल गई।

40 वर्षीय वावरिंका, जिन्होंने 2014 में मेलबर्न में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर इतिहास रचा था, इस बार विदाई सीजन में कोर्ट पर उतरे थे। उन्होंने पहले दौर में लास्लो डेरे को हराया और दूसरे दौर में आर्थर गेया के खिलाफ पांच सेटों की मैराथन जीत दर्ज की। लेकिन तीसरे दौर में उनका सामना अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से हुआ, जहां अनुभव और जज्बे के बावजूद उनकी ऊर्जा जवाब दे गई।जॉन केन एरिना में खेले गए इस मुकाबले में फ्रिट्ज ने 7-6(5), 2-6, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उधर महिला वर्ग में बड़ा उलटफेर तब हुआ जब नाओमी ओसाका ने अपने तीसरे दौर के मुकाबले से कुछ घंटे पहले ही नाम वापस ले लिया। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ओसाका ने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि पिछले मैच के बाद उन्हें अपने शरीर की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है।

> **जोकोविच ने की फेडरर की बराबरी**
>
> जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी ज़ैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंतरता को रेखांकित करता है।

### चौथे दौर में आमने-सामने होंगी कीज और पेगुला




अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुँच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी ।हालांकि मेलबर्न में बहुत ज़्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज़ अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा।

### एक नजर में

## चंडीगढ़ ने केरल को 92 रनों से हराया

**तिरुवनंतपुरम .** मनन वोहरा (113) और अर्जुन आजाद (102) रनों की शतकीय पारी के बाद रोहित ढांडा (चार विकेट) और विशु कश्यप (तीन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चंडीगढ़ ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन केरल को दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला 92 रनों से जीत लिया। आज यहां केरल ने कल के दो विकेट पर 21 से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में रोहित ढांडा ने 12वें ओवर में सचिन बेबी (छह) को बोल्ड कर केरल को तीसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में जगजीत सिंह ने बाबा अपराजित (17) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विष्णु विनोद और सलमान निजार की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 25वें ओवर में ढांडा ने विष्णु विनोद (56) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन (शून्य), अंकित शर्मा (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। श्रीहरि नायर ( दो) और सलमान निजार (53) रन बनाकर आउट हुये। 48वें ओवर में विशु कश्यप ने एम डी निधीष (12) को आउटकर 185 के स्कोर पर केरल की दूसरी पारी का अंत कर दिया।



## महाराष्ट्र केसरी तालिका में शीर्ष पर

**नोएडा .** अमित ने निर्णायक अंतिम मुकाबले में जबरदस्त दबाव के बीच धैर्य बनाए रखते हुए महाराष्ट्र केसरी को हरियाणा थंडर्स पर 5-4 की शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 10 में हरियाणा को सीजन की पहली हार सौंपी। 4-4 से बराबरी पर चल रहे मुकाबले में 86 किग्रा पुरुष वर्ग में अमित ने एक अंक से जीत दर्ज कर महाराष्ट्र को चार मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुँचा दिया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस हाई-क्वालिटी मुकाबले में लगातार मोमेंटम बदलता रहा। महाराष्ट्र केसरी के तेवेनयान वाजगन को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि हरियाणा को अंत तक मुकाबले में बनाए रखने के लिए काजल ढोच्छक को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। हरियाणा थंडर्स ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज़ में की। 53 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान युई सुसाकी ने ओलंपिक चैंपियन के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए शुरुआती सीटी से ही दबदबा बनाया। लगातार टेकडाउन और शानदार एक्सपोजर मूव्स के बाद उन्होंने महज़ 85 सेकंड में फॉल हासिल कर हरियाणा को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 74 किग्रा पुरुष वर्ग में परविंदर ने पावर मिनट में निर्णायक टेकडाउन-एंड-टर्न सीक्वेंस लगाकर 14-8 की जीत दर्ज की और बढ़त 2-0 कर दी। महाराष्ट्र केसरी ने हेवीवेट वर्ग में कप्तान रॉबर्ट बारान के जरिए वापसी की।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का सख्त कदम

# बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड



**दुबई 24 जनवरी** स्कॉटलैंड सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में बंगलादेश की जगह खेलेगा।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को यह सख्त कदम उठाया है। आईसीसी ने कुछ दिन पहले बंगलादेश के भारत में टी-20 विश्वकप के मैच नहीं खेलने की बात कही थी जिसके बाद आईसीसी ने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को 24 घंटे की डेडलाइन दी थी।

> आईसीसी की इस घोषणा के साथ ही स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा, जिसके बाद वह मुंबई जाकर 17 फरवरी को नेपाल से भिड़ेगा। क्रिकबज ने क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी टुडी लिंडब्लेड से संपर्क किया, लेकिन उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन आईसीसी की वेबसाइट को पता चला है कि दुबई और एडिनबर्ग के बीच संपर्क स्थापित हो गया है।

# सिंधु को हराकर सेमीफाइनल में चेन



**जकार्ता, 24 जनवरी चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने शुक्रवार को यहां 226 इंडोनेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।**

चेन ने भारतीय स्टार पी वी सिंधु को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, उन्होंने पूरे मैच में निरंतरता और नियंत्रण दिखाया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा।

### अन्य मैच

मिश्रित युगल में, चीन के जियांग जेनबांग और वेई याक्सिन ने तीन गेम के कड़े मुकाबले में मेजबान जोड़ी अदनान मौलाना और इंदाह चाह्या सारी जमील को 22-20, 14-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक और चीनी मिश्रित युगल जोड़ी, गुओ शिनवा और चेन फांगहुई, डेनमार्क के मथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे से 21-18, 21-14 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। महिला युगल में, चीन की लुओ शुमिन और वांग यिडुओ इंडोनेशिया की राहेल एलेस्या रोज और फेबी सेटियानिंग्रम से तीन गेम में 18-21, 21-16, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

# प्रतिका रावल और वैष्णवी शर्मा को बुलावा

**मुम्बई 24 जनवरी** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह मार्च को होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम में बल्लेबाज प्रतिका रावल और 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को शामिल किया गया। महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है जबकि स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान हैं। दोनों को ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव है, क्योंकि वे कई सालों तक विमेंस बिग बैश लीग का हिस्सा रही हैं। इसके अलावा जेमिमा रॉड्रिग्स के पास भी अनुभव हैं। 15 फरवरी से एक मार्च के बीच भारत इस दौरे पर तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय खेलेगा। इसके बाद पर्थ में छह से नौ मार्च तक एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा। रावल 2025 महिला एकदिवसीय विश्व कप में छह पारियों में 308 रन बनाकर चौथी सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। टखने में चोट के कारण वह नॉकआउट मैचों से बाहर हो गई थीं।

**पाक भी चल सकता है बांग्लादेश की राह**–नई दिल्ली 24 जनवरी. पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने शनिवार को कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की भागीदारी पर अंतिम फैसला देश की सरकार करेगी. यह बयान ऐसे समय आया है, जब बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है.

**WANTED**

WANTED ENGINEERS. A reputed company in Pune requires Mechanical Engineers freshers and with 1 – 2 years experience in Production Quality Assurance for their plants in Chakan, Pune. Call 7600842387 send resume khushbugupta.hr@gmail.com

एन सी एल
NCL
**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

संख्या : एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्शन/25-26/1518 दिनांक: 22.01.2026

**सीआईएल ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के माध्यम से जनवरी 2026 माह में कोयले की बिक्री की सूचना**

**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के माध्यम से "**कोयले**" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरिये कोयला प्राप्त कर सकता है। "**जनवरी 2026**" के लिये **दिनांक "30.01.2026"** को होने वाले ई-ऑक्शन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट "www.nclcil.in", सर्विस प्रोवाइडर "**एम-जंक्शन**" की वेबसाइट https://www.coaljunction.in तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल, सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-63 **महाप्रबंधक (वि. एवं वि.), एनसीएल, सिंगरौली**

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सचिन कुमार सेन श्रीमती अंजना सेन सचिन कपड़े की दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10580479) | खसरा क्रमांक 321, वार्ड क्रमांक 03, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, शिव मंदिर के पास, ग्राम विलायत कला, तहसील बडवारा, जिला कटनी, मध्य प्रदेश, पिन क्रमांक 483773। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 440.00, 580.00 | रू. 342771/- तीन लाख बयालीस हजार सात सौ इकहत्तर मात्र | 23-09-2025 | 20/01/2026 |
| श्री सुनील, श्री मंग्लू, श्रीमती प्रियंका सिलाई सेंटर टैक्सी चालक (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10429906) | खसरा क्रमांक 96, पटवारी हल्का क्रमांक 46, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट। ग्राम कलरबांकी, तहसील और जिला सिवनी, मध्य प्रदेश 480882 में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 368.00, 460.00 | रू. 350399/- तीन लाख पचास हजार तीन सौ निन्यानवे मात्र | 23-09-2025 | 21/01/2026 |
| श्री नरेश श्री चुनु श्री. मुनिया बाई श्रीमती श्याम बाई चौधरी कृषि ड्राइवर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10608210) | खसरा क्रमांक 55, वार्ड क्रमांक 7, ग्राम-कोदो बडवारा, शिव मंदिर के पास, कटनी, मध्य प्रदेश, भारत, पिन क्रमांक 483773 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, कालीनक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 657.00, 520.00, 630.00 | रू. 56072/- छप्पन हजार बहत्तर मात्र | 03-10-2025 | 20/01/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंजिल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

**स्थानः जबलपुर**
**दिनांकः 25.01.2026**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।**